पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

निश्चित समयान्तराल पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना चाहिए - राज्यपाल

लखनऊः 20 दिसम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि सभी व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि निश्चित समयान्तराल पर स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहने से रोग का पता चल जाता है जिसका उपचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार स्वास्थ्य परीक्षण कराना हर प्रकार से लाभदायक होता है।

राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि शरीर के स्वस्थ रहने के साथ ही मन भी स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों से योग का प्रभाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि योग से मन, मस्तिष्क एवं शरीर हर प्रकार से स्वस्थ रहता है। सभी लोग साथ मिलकर योग करें। राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखकर काम करें तथा राजभवन की कीर्ति एवं यश को बढ़ायें। राज्यपाल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के चिकित्सकों को सहयोग करने के लिये धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुझे चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करके खुशी है।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव तथा राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे। चिकित्सा शिविर में राज्यपाल श्री राम नाईक ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में राजभवन चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिल निर्वाण एवं महिला चिकित्साधिकारी डॉ0 गीता चौधरी सहित डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 पी0के0 सिंघानिया, फिजीशियन डॉ0 एन0डी0 सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 एस0के0 पाण्डेय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 मोहम्मद अतहर, दंत चिकित्सक डॉ0 तनुश्री तथा रक्त की जांच हेतु डॉ0 संजय सिंह एवं सुधीर कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 260 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया जिसमें 148 व्यक्तियों ने फिजिशियन से, 134 व्यक्तियों ने हृदय रोग विशेषज्ञ से, 62 व्यक्तियों ने हड्डी रोग विशेषज्ञ से, 100 व्यक्तियों ने नेत्र रोग विशेषज्ञ से, 72 व्यक्तियों ने दंत चिकित्सक से परीक्षण कराकर उचित चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में 46 व्यक्तियों की ई0सी0जी0, 176 व्यक्तियों की मुधमेह तथा 55 व्यक्तियों की हिमोग्लोबीन की जांच भी की गयी।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वागत उद्बोधन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी चिकित्साधिकारी राजभवन चिकित्सालय डॉ0 अनिल निर्वाण द्वारा दिया गया।

अशोक/ललित/राजभवन (490/21)

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
20 दिसम्बर, 2018
राजभवन,
राज भवन